भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2028
11 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: मखाना बोर्ड की स्थापना

2028. श्री गोपाल जी ठाकुरः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास मखाना बोर्ड की स्थापना एवं क्रियान्वयन हेतु कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा बोर्ड की स्थापना से क्या लाभ होने की संभावना है;

(ख) क्या सरकार ने मिथिला मखाना के विकास हेतु मखाना बोर्ड के गठन को मंजूरी दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मखाना मुख्य रूप से मिथिला क्षेत्र में उत्पादित होता है तथा इसका जी.आई. टैग भी मिथिला मखाना है तथा मखाना की उत्पादन क्षमता को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार नव घोषित मखाना बोर्ड का मुख्यालय दरभंगा (बिहार) में स्थापित करने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो इसकी स्थापना कब तक होने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (घ): भारत सरकार ने बजट घोषणा 2025-26 में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2025-26 के लिए 100 करोड़ के बजटीय आवंटन के साथ मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार करना है, साथ ही मखाना किसानों को सहायता और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करना है।

बिहार, देश में मखाना का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है। हाल ही में मखाना को भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्रार द्वारा “मिथिला मखाना” के नाम से भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्रदान किया गया है।

बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। मखाना क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी विकास कार्यक्रम बनाने के सुझाव प्राप्त करने हेतु 23 फरवरी, 2025 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा में मखाना किसानों और हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

******